दिनांकः–28.10.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision of Transformer(2x630 KVA Compact Substation) along with feeder Pillar and Cable Work for Residence of Different Officers Building and Staff Qtr. Building at Sansarpur, Distt.-Khagaria कार्य हेतु आमंत्रित पुर्न ई–निविदा के तकनीकी बीड पर निर्णय लेने हेतु आहुत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः–

1. श्री रमेन्द्र कुमार– मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. श्री विपिन कुमार– विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, पटना।
3. श्री अनिल कुमार– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर।

कार्यवाही :–

1. कार्य का नामः– Provision of Transformer(2x630 KVA Compact Substation) along with feeder Pillar and Cable Work for Residence of Different Officers Building and Staff Qtr. Building at Sansarpur, Distt.-Khagaria.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि– 2,03,05,810/– सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक–23796, दिनांक–22.12.2025)
3. तकनीकी स्वीकृति की राशि– 2,02,99,219/–
4. परिमाण–विपत्र की राशि– 2,01,48,477/–
5. ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 21/2026–27(विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर)
6. समाचार पत्रों में प्रकाशन का प्रसंग– दैनिक जागरण, दिनांक–23.07.2026
7. प्रकाशन का पी0 आर0 नं0– 008380(BCD)/2026-27
8. ई–निविदा आमंत्रण होने की तिथि– 21.07.2026
9. प्री–बीड बैठक की तिथि– दिनांक–14.08.2026 को विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, पटना।

   दिनांक–17.08.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–02 का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
10. ई–निविदा(तकनीकी बीड) खोलने की तिथि– 28.09.2026
11. आमंत्रित पुर्न ई–निविदा में भाग लेने वाले छः निविदाताओं का नाम एवं पता :–

    (क) मेसर्स प्रकाश इलेक्ट्रीकलस, पटना।
    (ख) मेसर्स संस्कृति इंटरप्राईजेज, वैशाली।
    (ग) मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर।
    (घ) मेसर्स भवानी इंटरप्राईजेज, मुजफ्फरपुर।
    (ङ) मेसर्स भगत इंटरप्राईजेज वर्कस, पटना।
    (च) मेसर्स जगदीश सिंह इंटरप्राईजेज, बेगूसराय।

12. दिनांक–28.10.2026 को आहुत तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही :–

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, पटना के पत्रांक–1063, दिनांक–30.09.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का तकनीकी बीड अभिलेखों को समर्पित किया गया है। इस संदर्भ में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के सभी सदस्यों द्वारा निविदादाताओं के अभिलेखों के जाँचोपरान्त निम्नलिखित तथ्य पाए गए :–

(क) प्रथम निविदादाता मेसर्स प्रकाश इलेक्ट्रीकलस, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा तथा एस0बी0डी0 के सभी शर्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया।

(ख) द्वितीय निविदादाता मेसर्स संस्कृति इंटरप्राईजेज, वैशाली है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र की राशि को जमा नहीं किया गया है। साथ ही, इनके द्वारा इलेक्ट्रीकल लाईसेंस, चरित्र प्रमाण–पत्र, नॉन–डिबार/नॉन–ब्लैकलिस्ट का शपथ पत्र एवं एस0बी0डी0 के अनुसार अन्य निविदा दस्तावेजों को नहीं अपलोड किया गया है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "नॉन–रिस्पौंसिव" पाया गया।

(ग) तृतीय निविदादाता मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा तथा एस0बी0डी0 के सभी शर्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया।

(घ) चतुर्थ निविदादाता मेसर्स भवानी इंटरप्राईजेज, मुजफ्फरपुर है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा तथा एस0बी0डी0 के सभी शर्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया।

(ङ) पंचम निविदादाता मेसर्स भगत इंटरप्राईजेज वर्कस, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 के कंडिका–4.5(B)(a) के अनुसार Key and Critical Electrical Equipment संबंधित दस्तावेज नहीं अपलोड किया गया है। साथ ही, इनके द्वारा एस0बी0डी0 के Clause सं0–38 के अनुसार No Relation संबंधित शपथ पत्र अपलोड नहीं किया गया है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "नॉन–रिस्पौंसिव" पाया गया।

(च) छठम निविदादाता मेसर्स जगदीश सिंह इंटरप्राईजेज, बेगूसराय है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा अपलोड किये गये इलेक्ट्रीकल लाईसेंस एवं चरित्र प्रमाण पत्र की वैधता अवधि निविदा दस्तावेज अपलोड करने के अंतिम तिथि के पूर्व ही समाप्त हो गयी है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "नॉन–रिस्पौंसिव" पाया गया।

13. दिनांक–28.10.2026 को आहुत तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति के बैठक का निर्णय :–

सम्यक विचारोपरान्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित पुर्न ई–निविदा के तकनीकी बीड में तीन निविदादाताओं यथा–मेसर्स प्रकाश इलेक्ट्रीकलस, पटना, मेसर्स भवानी इंटरप्राईजेज, मुजफ्फरपुर एवं मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर को सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। जबकि तीन निविदादाताओं यथा– मेसर्स भगत इंटरप्राईजेज वर्कस, पटना, मेसर्स संस्कृति इंटरप्राईजेज, वैशाली एवं मेसर्स जगदीश सिंह इंटरप्राईजेज, बेगूसराय को असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखी जाए एवं दिनांक–04.11.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी प्रकार की आपत्ति/शिकायत प्राप्त होती है, तो पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। उक्त निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बीड खोलने हेतु अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

28/10/26
(अनिल कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर,
भवन निर्माण विभाग।

28/10/26
(विपिन कुमार)
विद्युत अधीक्षण अभियंता,
विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

28.10.2026
(समेन्द्र कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–02,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक :–प्र022/भ0 विद्युत–प्राक्क0–543/25– 567 दिनांकः– 28/10/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28.10.2026

मुख्य विद्युत अभियंता–02,
भवन निर्माण विभाग, पटना।